# O.P. Jindal School, Patratu
## MODEL QUESTION PAPER

Class – VII　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　Time: 3 Hrs.
Sub. – HINDI　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　F.M : 80

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 1x5=5

बहुत सारे लोगों से मित्रता करना भी ठीक नहीं है, क्योंकि सच्ची और आदर्श मैत्री एक-दो से ही संभव है l यह भी ध्यान रखना चाहिए कि किसी को सच्चा मित्र बनाने से पहले उसको खूब जाँच-परख लेना चाहिए और फिर धीरे-धीरे निरंतर अपने प्रेम को प्रगाढ़ता प्रदान करना चाहिए l एक प्रसिद्ध विद्वान ने पक्की मित्रता का मंत्र बताते हुए कहा है कि मित्रता मनुष्य जीवन का सही आधार है l

(क) सच्ची मित्रता कितने लोगों के साथ हो सकती है ?
(i) दो-चार लोगों के बीच　(ii) दो-तीन लोगों के बीच
(iii) एक-दो लोगों के बीच　(iv) तीन-चार लोगों के बीच

(ख) मित्र बनाने से पहले क्या करना चाहिए ?
(i) स्नेह देखना चाहिए　(ii) धन-संपत्ति देखनी चाहिए
(iii) उसे जाँचना-परखना चाहिए　(iv) स्तर देखना चाहिए

(ग) मित्रता का आधार है -
(i) प्रगाढ़ता　(ii) स्नेह　(iii) एक दुसरे के अच्छे कार्य याद रखना　(iv) उपयुक्त सभी

(घ) गद्यांश में प्रयुक्त "मित्रता" शब्द है-
(i) जातिवाचक संज्ञा　(ii) विशेषण
(iii) भाववाचक संज्ञा　(iv) इनमें से कोई नहीं

(ङ) गद्यांश का उचित शीर्षक है -
(i) मित्रता　(ii) मित्र
(iii) मित्रता की परख　(iv) आदर्श मैत्री का मंत्र

2.निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 1x5=5

दो न्याय अगर तो आधा दो
पर इसमें भी यदि बाधा हो,
तो दे दो केवल पाँच ग्राम,
रखो अपनी धरती तमाम ।
　हम वहीं सुख से खाएँगे..
　परिजन पर असि न उठाएँगे।
　दुर्योधन वह भी दे न सका,
　आशीष समाज की ले न सका।
　उलटे हरि को बाँधने चला।
　जो था असाध्य, साधने चला।

(क) न्याय के अनुसार क्या होना चाहिए था?
(i) पांडवों को वनवास　(ii) पांडवों को पूर्ण राज्य
(iii) पांडवों को आधा राज्य　(iv) कौरवों को संपूर्ण राज्य

(ख) केवल पाँच गाँव माँगने के पीछे भाव है-
(i) संतोष　(ii) कलह का समाधान
(iii) शांति का प्रस्ताव　(iv) उपरोक्त सभी

(ग) पद्यांश में प्रयुक्त 'असि' शब्द का अर्थ है-
(i) हम　(ii) तलवार
(iii) चंद्रमा　(iv)इनमें कोई नहीं

(घ) कौन, किसे बाँधना चाहता है?

(i) मन, इच्छाओं को (ii) दुर्योधन, कृष्ण को

(iii) कौरव, पांडवों को (iv) धृतराष्ट्र, कृष्ण को

(ङ) 'हरि' शब्द का प्रयोग किसके लिए किया गया है?

(i) ईश्वर (ii) कृष्ण

(iii) शत्रु (iv) भुजंग

3.निम्नलिखित रिक्त स्थानों में उचित क्रियाविशेषण शब्द भरिए - 1x2=2

क)नल से पानी ----------------टपक रहा था l

ख)सभी बैठें थे कि ----------बिजली चली गई l

4.निम्नलिखित रिक्त स्थानों में उचित संबंधबोधक भरिए - 1x2=2

क)कुएँ ---------- मेंढक उछल रहा है l

ख)चंचल -----------कोई चला आ रहा है l

5.निम्नलिखित उपवाक्यों को समुच्चयबोधक शब्दों से जोड़कर एक वाक्य बनाइए - 1x2=2

क)जल्दी जाओ l समय पर पहुँच सको l

ख)तुम्हारी तबीयत खराब है l दवाई तो खानी पड़ेगी l

6.उचित विस्मयादिबोधकों द्वारा रिक्त स्थानों को भरिए - 1x2=2

क)-------------क्या विशाल महल है l

ख)----------यहाँ कितनी गंदगी फैली है l

7.निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके दुबारा लिखिए - 1x2=2

क)मुझको आज विद्यालय जाना है l

ख)माता जी ने पकौड़े गरम-गरम उतारे l

8.रिक्त स्थानों में उचित समुच्यबोधक लिखिए - 1x2=2

क)उसे खीर नहीं,------आइसक्रीम खानी है l

ख)रायपुर ----------पुणे में मेरी मौसियाँ रहती है l

9. निम्नलिखित वाक्यों के अर्थ के आधार पर भेद लिखिए - 1x2=2

क)बीमार व्यक्ति चल नहीं पा रहा l

ख)हो सकता है,वह मेरे पास आए l

10.निम्नलिखित वाक्यों में से उद्देश्य व विधेय छाँटकर लिखिए - 1x2=2

क)सेनापति राजा से मिलने गया l

ख)भेड़िया भागकर छिप गए l

11.निम्नलिखित रिक्त स्थानों में उचित क्रियाएँ भरिए - 1x2=2

क)बच्चा छत से -----------आया l

ख)किसान हल -----------है l

12.निम्नलिखित वाक्यों की क्रियाओं के आधार पर उनके काल और भेद निश्चित कीजिए - 1x2=2

क)बारिश में मोर नाचते हैं l

ख)बच्चों ने पाठ पढ़ लिया l

13.बहुविकल्पी प्रश्न- 1x5=5

क)कौरवों की सेना के नायक कौन थे ?

i.कर्ण ii.भीष्म iii.शकुनि

ख)अभिमनुय का विवाह किसके साथ किया गया ?

i.उत्तरा ii.द्रोपदी iii.सीता

ग)दुर्योधन की चापलूसी कौन करते थे ?

i.अर्जुन ii.शकुनी iii.विकर्ण

घ)पांडव अपने किए वादे अनुसार कहाँ पर गए थे ?

i.वन में ii.राज्य में iii.महल में

ङ) घटोत्कच कौन था ?

i) अर्जुन का बेटा `ii) भीम का बेटा iii) नकुल का बेटा

14. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 2x5=10

क) नकुल ने जलाशय को देखकर क्या सोचा ?

ख) दुर्योधन को कैसे पता चला कि पांडव मत्स्य देश में छिपे हैं ?

ग) राजकुमार उत्तर को अर्जुन से कंक के बारे में क्या मालूम हो चुका था ?

घ) दुर्योधन और अर्जुन किस कारण श्रीकृष्ण के पास गए थे ?

ङ) श्री कृष्ण स्वयं हस्तिनापुर क्यों जाना चाहते थे ?

15. बहुविकल्पी प्रश्न- 1x5=5

क) वीर कुवर सिंह का जन्म किस राज्य में हुआ था ?

i. बंगाल ii. बिहार iii. उड़ीसा

ख) 'भोर और बरखा' कविता की रचयिता हैं ?

i. मीरा बाई ii. महादेवी वर्मा iii. सुभद्रा कुमारी चौहान

ग) इनमें से किसे फ़ास्ट-फ़ूड के नाम से जाना जाता है ?

i. रोटी ii. दाल iii. बर्गर

घ) तिनका कहाँ आ गिरा ?

i. कवि के सिर पर ii. कवि के आँख में iii. कवि के नाक में

ङ) अप्पू को कंचा आकार में किस प्रकार का लग रहा था ?

i. बाल की तरह ii. आवले की तरह iii. अंगूर की तरह

16. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 5x3=15

क) वीर कुवर सिंह के व्यक्तित्व की कौन-कौन सी विशेषताओं ने आपको प्रभावित किया ?

ख) मीरा को सावन मनभावन क्यों लगने लगा ?

ग) वसंत ऋतु में नीलकंठ के लिए जालीघर में बंद रहना असहनीय क्यों हो जाता था ?

घ) यासुकी-चान को अपने पेड़ पर चढ़ाने के लिए तोत्तो-चान ने अथक प्रयास क्यों किया ?

ङ) खानपान में बदलाव के कौन से फायदे हैं ?

17. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 1x4=4

घमंडों में भरा ऐंठा हुआ,,
एक दिन जब था मुंडेरे पर खड़ा ।
आ अचानक दूर से उड़ता हुआ,
एक तिनका आँख में मेरी पड़ा।
मैं झिझक उठा, हुआ बेचैन -सा,
लाल होकर आँख भी दुखने लगी।
मूँठ देने लोग कपड़े की लगे,
ऐंठ बेचारी दबे पाँवों भगी।

1. तिनका कहाँ से उड़कर आया था ?

क) पास से ख) छत से ग) बहुत दूर से

2. तिनका कहाँ आ गिरा ?

क) कवि के सिर पर ख) कवि की नाक में ग) कवि की आँख में

3. कवि कहाँ खड़ा था?

क) सड़क पर ख) बगीचे में ग) छत के किनारे

4. इस कविता के रचयिता कौन हैं ?

क) रहीम ख) अयोध्या सिंह उपाध्याय ग) मैथिलीशरण गुप्त

18. अपने छोटे भाई को एक पत्र लिखकर अपने विद्यालय के वार्षिकोत्सव का वर्णन कीजिए - 5

**अथवा**

अपने क्षेत्र के समाचार पत्र के संपादक को अव्यवस्थित यातायात के कारण हो रही दुर्घटनाओं के बारे में पत्र लिखिए

19. निम्नलिखित विषयों में से किन्हीं एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए - 6

भारत के गाँव **अथवा** सफ़ाई अभियान का उद्देश्य

******